HINDUSTAN - NEW DELHI - 4 - MAY - 2011

डीटीयू का विदेशी विवि के साथ करार

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी(डीटीयू) के छात्रों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अध्ययन सामग्री मिलेगी। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग ऑफ नेशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के बीच मंगलवार को एक करार हुआ। इसमें शोध के अलावा एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम को लेकर विदेशी विवि के साथ करार हुआ।

कंप्यूटर एवं सॉफ्टवेयर विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रुचिका मल्होत्रा ने बताया कि एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम और रिसर्च को लेकर ठोस पहल की गई। इसको लेकर नेशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के साथ डीटीयू ने एक करार किया है। जिसमें अब दोनों विवि के छात्र संयुक्त रूप से कंप्यूटर साइंस में रिसर्च करेंगे। इससे संस्थानों को फैकल्टी एक्सचेंज के साथ-साथ दूसरे एकेडमिक कार्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि विवि को शोध के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल की जा रही है।

करार

विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ शोध, छात्र, और अध्यापक आदि के एक्सचेंज को लेकर करार हुए हैं। इसके साथ ही शोध मद के लिए संयुक्त रूप से पहल करने पर भी सहमति बनी है।

एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम : इस प्रोग्राम के तहत विदेशी विश्वविद्यालय के छात्र डीटीयू आएंगे और डीटीयू के छात्र और अध्यापक विदेश जाएंगे।